हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024


तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री



बीएलओ के माध्यम से होगा मतदाता पर्ची का वितरण 12


गर्मी में मनोहारी दृश्य बना आकर्षण का केंद्र... 12




## खबर संक्षेप

### नगर में युवा न्याय सम्मेलन आज

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी में युवा कांग्रेस व एनएसयूआई द्वारा युवा न्याय सम्मेलन का आयोजन आज 12 बजे तहसील साहू भवन बालसमुंद रोड में आयोजित किया गया है। सम्मेलन में कसडोल विधायक संदीप साहू, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रोहित साहू, मनीष चंद्राकर शामिल होकर युवाओं को कांग्रेस सरकार की आगामी युवा न्याय योजना की जानकारी देने के साथ साथ लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी व जिम्मेदारी पर विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पिंटू वर्मा ने युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### लूट-चोरी, दो नाबालिगों समेत तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने लूट तथा चोरी के आरोप में दो नाबालिगों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की एक बाइक एवं एक्टिवा जब्त की है। पुलिस के मुताबिक आरिफ कुरैशी के साथ लूट की घटना को अंजाम देने के आरोप में महासमुंद निवासी वासुदेव यादव तथा दो अन्य नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने शंकरनगर तथा खम्हारडीह में मोबाइल चोरी करने के साथ दोपहिया चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### चाकू लेकर घूमते धरा गया बदमाश

**रायपुर।** किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में चाकू लेकर घूम रहे बदमाश को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लंबा बटनदार चाकू बरामद किया गया है। खम्हारडीह थाने को सूचना मिली थी कि बनियान ट्री के पास एक युवक संदिग्ध गतिविधि में घूम रहा है। पुलिस टीम वहां पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से चाकू मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी के खिलाफ 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# आवारा मवेशियों को दुर्घटना से बचायेगा रेडियम बेल्ट, कम होंगी सड़क दुर्घटनाएं

## पशु चिकित्सा विभाग ने लाल एवं सफेद रंग का रेडियम बेल्ट पहनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राकेश बिहारी घोरे जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में 27 अप्रैल को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार एवं पशु चिकित्सा सेवायें बलौदाबाजार के संयुक्त तत्वाधान में आवारा घूमने वाले मवेशियों के गले में कालर रेडियम बांधने की शुरूआत जिला मुख्यालय स्थित पुराना बस स्टैण्ड, अम्बेडकर चौक, न्यायालय परिसर, नया बस स्टैण्ड, जिला चिकित्सालय के साथ–साथ ऐसे प्रमुख जगह जहां भीड़ अत्यधिक होती है तथा जहां दुर्घटना की संभावना प्रबल होती है। ऐसे स्थान में विचरण कर रहे आवारा मवेशियों के गले में लाल एवं सफेद रंग का रेडियम बेल्ट पहनाया गया। उक्त अभियान की शुरूआत जिला मुख्यालय से की गई। शीघ्र ही बलौदाबाजार जिले में इस अभियान की पहल की जायेगी।

उक्त अभियान में अजय कुमार खाखा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गिर्जेश प्रताप सिह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार, डॉ. नरेन्द्र सिंह उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें बलौदाबाजार के साथ उनके अन्य अधिकारीगण, पैरालीगल वालिटियर्स के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



### अब अंधेरे में चमकेंगे मवेशियों के बेल्ट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार की ओर से बताया कि रात के समय सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती है, जिसमें न केवल वाहन चालक व उनके साथ बैठे उनके परिजन हादसे का शिकार हो जाते हैं साथ ही मवेशियों को भी गंभीर चोटे आती है। ऐसे में इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार की ओर से अभियान शुरू किया गया है इसके तहत शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर विचरण करने वाले मवेशियों के गले में लाल व सफेद रंग का रेडियम कॉलर बेल्ट पहनाया जायेगा। इस पहल शुरूआत कर दी गई है, जिसमें आवारा मवेशियों खासतौर से गायों को भी इन हादसों से बचाया जा सकेगा। बता दें कि हाईवे पर विचरण करने वाली गायों के वजह से आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है। इस प्रकार जब कोई वाहन सड़क से गुजरेगा तो गायों के गलों में बाधा गया रेडियम बेल्ट दूर से चमकने लगेगा, जिससे वाहन चालक अपने वाहन को समय रहते नियंत्रित कर लेंगे, जिससे दुर्घटना से बचा जा सकेगा।

## सियासत : मुख्यमंत्री लवन पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने किया जोशीला स्वागत

# प्रधानमंत्री भारत को विकसित राष्ट्र बनायेंगे : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जांजगीर-चाम्पा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के समर्थन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा आज कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन पहुंचे। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा ने श्रीराम लला की मूर्ति मुख्यमंत्री को भेंट की। साथ ही युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने विशाल पुष्पगुच्छ मुख्यमंत्री को पहनाया। इसके बाद लवन नगर पंचायत में विशाल चुनावी आमसभा को बारी–बारी से पार्टी के पदाधिकारी, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के बाद प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जांजगीर-चांपा के भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगडे.के लिए जनता से वोट देने अपील की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पूर्व रिटायर्ड अधिकारी कर्मचारी सहित कई पूर्व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा में प्रवेश किया।

सभा को संबोधित करते हुऐ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अभी लोकसभा के दूसरे चरण का मतदान सम्पन्न हुआ है, जिसमें छत्तीसगढ़ के 4 लोकसभा क्षेत्र बस्तर, कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में 74 मतदान हुआ है, जिसमें सभी सीट भाजपा जीत रही है। यह चुनाव बहुत अहम एवं महत्वपूर्ण चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, नरेन्द्र मोदी गरीब का बेटा है, जो देश के 140 करोड़ जनता सबको अपना परिवार मानते हैं, जो 10 वर्षों में कभी छुट्टी नहीं लिए आज 24 घंटे में 18 घंटे देश के लिए काम करते हैं। श्री साय ने आगे कहा कि सबको महतारी वंदन से 2 माह से पैसा मिल रहा है, अगले माह के पहले सप्ताह में पैसा आ जायेगा। जब तक सरकार रहेगा तब तक पैसा आएगा। कांग्रेस के लोग भ्रम फैला रहे हैं, कि महतारी वंदन योजना बन्द हो रहा है, कांग्रेस सरकार में रहकर केवल घोटाला किया। श्री साय ने उपस्थित जनताओं को भाजपा को वोट देकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। आमसभा के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद प्रत्याशी कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक सनम जांगडे, जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा सहित मंच पर तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

### गिनाई प्रधानमंत्री की उपलब्धियां

प्रधानमंत्री मोदी गरीब, किसान सबके लिए काम किये हैं, केन्द्र सरकार द्वारा फ्री में गैस सिलेंडर, कोविड के समय मे फ्री में वैक्सीन दिए। मोदीजी का विजन है कि 2047 तक भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाना है, श्री मोदी ने कश्मीर में धारा 370 हटाया। साथ ही राम मंदिर का निर्माण कराया गया। आप लोग जांजगीर-चाम्पा लोकसभा से कमलेश जांगड़े को वोट देकर सांसद बनाओ।

# 375 लीटर शराब बरामद, 4520 किलो महुआ लहान किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लोकसभा निर्वाचन से पहले आबकारी विभाग अवैध शराब की बिक्री पर अकुंश लगाने लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को आबकारी विभाग ने कसडोल के ग्राम हसुआ और पथरी में कार्रवाई कर 375 लीटर महुआ शराब जब्त की। वहीं 4520 किलो महुआ लहान को नष्ट किया है। जिले में आबकारी विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

आबकारी विभाग की टीम 27 अप्रैल को गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हसुआ पहुंची और जानकारी पर बड़ी कार्रवाई की। जहां ग्राम में एक 200 लीटर क्षमता वाले एक प्लास्टिक ड्रम में 125 बल्क लीटर 6 नगो की 15 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक डिब्बे में 90 लीटर, 20 लीटर और 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में लगभग 15 एवं 10 लीटर कुल 255 लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 32 प्लास्टिक झिल्लियों से भरे बोरियों प्रत्येक में 30 किलो कुल 960 किलो महुआ लाहन, प्रत्येक 200 लीटर क्षमता वाले 7 प्लास्टिक ड्रम में 1400 किलो महुआ लहान सहित कुल 2360 किलो महुआ लहान का सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया।

■ कसडोल ब्लॉक के ग्राम हसुआ और पथरी में की कार्रवाई, ग्रामीण अंचल में मची हलचल

इसी प्रकार ग्राम पथरी में भी 5 नग 15 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक डिब्बे में कुल 75 लीटर एक प्लास्टिक झिल्ली में 30 लीटर 20 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में 15 लीटर कुल 120 लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शरब एवं 72 नग प्लास्टिक झिल्लियों से भरे बोरियों प्रत्येक में 30 किलो कुल 2160 किलो महुआ लाहन का सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया । अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34,1 क, च, 34,2 59, क का प्रकरण ▶▶ शेष पेज 10 पर

# मतदान के लिए घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र बांटने में जुटी शिक्षिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदाबाजार के निर्देश पर जिले के ग्राम पंचायतों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरुकता अभियान का संचालन किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान केन्द्रों तक पहुंच कर शत-प्रतिशत मतदान कर सके। इस हेतु पंचायतों में विविध प्रकार के गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विकासखंड सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा महिला स्वसहायता समूहों के कैडर व सदस्य महिलाओं, मनरेगा के श्रमिकों, ग्राम के रामायण मंडलियों आदि के बीच जाकर मतदान के लिए जागरूक कर रही है। शिक्षिका द्वारा 7 मई मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र में आकर मतदान करने के लिए निमंत्रण पत्र का वितरण घर-घर जाकर किया गया। उल्लेखनीय है कि मतदाता जागरूकता के लिए निमंत्रण पत्र बच्चों द्वारा अपने हाथों से बनाया गया है। स्कूली बच्चें भी शत प्रतिशत मतदान के लिए अपने स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# नववधुओं का किया गया मतदाता सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नववधुओं को कुमकुम से मतदाता सम्मान किया गया। नववधुओं का ससुराल के मतदाता सूची में नाम जोड़कर यह सम्मान किया गया है।

इस दौरान मेहंदी और रंगोली बनाओं जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सामूहिक मतदाता शपथ दिलायी गई कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके साथ साथ सभी ने सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट दे हे बर का नारा लगाया।

इस अवसर पर बीएलओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आदि उपस्थित थे।

### औरेठी में मतदाता जागरुकता रैली के दौरान नवदंपति ने ली शपथ

**सिमगा।** जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत औरेठी में सीईओ अमित दुबे के निर्देशानुसार सचिव कैलाश पुरी गोस्वामी एवं देवराज पटेल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के महत्व को नारों के माध्यम से बताते हुए यह रैली गांव के विभिन्न गली–मोहल्लों से होते हुए बाजार चौक पहुंची। उक्त रैली का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान कराना है। साथ ही ग्रामवासियों से अपील की गई कि लोकतंत्र के महापर्व पर वे बढ़ चढ़ कर अपना मतदान अवश्य करें। इस दौरान नवदंपति हिरेंद्र साहू एवं नीरा साहू को सचिव कैलाश पुरी गोस्वामी ने मतदान करने शपथ दिलायी। इस कार्यक्रम में सरपंच तेजराम वर्मा, उपसरपंच झाड़ू राम, दाऊ राम यद्धु, बनवाली साहू, नरेश, खेमिन बाई, प्रतिमा साहू, दिनेश साहू, हिरौंदी साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



### मतदाताओं को मतदान करने की दिलाई शपथ

**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में उचित मूल्य की दुकान परिसर में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जोर–शोर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को सारे काम छोड़ कर मतदान के दिन सबसे पहले मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि अपने गांव व क्षेत्र के विकास के लिए उनके निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका होना चाहिए। अपना वोट स्वयं के विवेक से डालें और किसी के बहकावे, प्रलोभन, दबाव में आए बगैर निर्भीक होकर मतदान करें। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा और अन्य योजनाओं के चल रहे तालाब निर्माण कार्य स्थल पर जाकर ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है।




पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468



NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute

आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो, मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।



" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।"

ADMISSION OPEN

FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE | DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open | GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024

BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

## खबर संक्षेप

### मंडल वाणिज्य प्रबंधक बने राकेश सिंह

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह को बनाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर और रायपुर मंडलों में अनेक पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पूर्व में राकेश सिंह रायपुर मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक, एरिया मैनेजर- भिलाई एवं स्टेशन डायरेक्टर रायपुर के पदों पर कार्यरत थे। बिलासपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं। स्टेशन में लगभग 3 सालों से डीसीएम पद खाली था।

### पीएससी की सीबीआई जांच से मिलेगा न्याय

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 3 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है। इस जांच से युवाओं को न्याय मिलेगा। श्री चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार के समय छत्तीसगढ़ में जो नौकरियां पीएससी में निकलती थी, उसके लिए कांग्रेसियों ने मंडी सजाई थी। भारतीय जनता पार्टी ने पीएससी भर्ती परीक्षा में धोखा खाने वाले युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सदन से लेकर सड़कों तक लड़ाई लड़ी थी। अब इस मामले सीबीआई जांच से दूध का दूध पानी का पानी होगा।

### आचार संहिता में मेला, निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा दशहरा-खेल मैदान में 24 अप्रैल से मेले का आयोजन किया जा रहा है। आचार संहिता के दौरान इस मेले को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत की गई है। तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। सूत्रों के अनुसार यह शिकायत भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने की है।
इस शिकायत में आपत्ति के पीछे तर्क दिया गया है कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है और तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। चुनाव के दौरान आसपास के जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों की सभाएं इस मैदान में आयोजित की जाती रही हैं। यहां बसस्टैंड होने के कारण पहले ही मैदान के आसपास भीड़ की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में मैदान में मेले का आयोजन से रावणभाठा के आसपास मार्ग पर जाम लगना तय है। मोर्चा ने मेला आयोजन की अनुमति निरस्त कर व्यवस्था दूरस्त करने की मांग की है।

### जबरदस्ती घुसे युवकों को डांस करने से मना किया तो कर दी मारपीट

**महासमुंद।** बारात की परघौनी के दौरान जबरदस्ती घुसकर डांस करने वाले युवकों ने मना करने पर बारातियों के साथ मारपीट कर दी। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी मनीष साहू पिता छबिलाल साहू ने बागबाहरा थाने में मामले की रिपोर्ट लिखाई है। उसने बताया कि मैं ग्राम निमोरा थाना राखी जिला रायपुर का रहने वाला हूं। मेरे दोस्त राहुल पटेल ग्राम खिलोरा की शादी थी, जिसमें 26 अप्रैल को ग्राम खिलोरा से अपने साथी दिवाकर वर्मा, दीनानाथ निषाद, ओंकार साहू एवं हितेश कुर्रे एवं अन्य करीबन 50 – 60 लोग ग्राम हरनादादर के कार्तिक पटेल के घर बारात आए थे।

## पेज 9 का शेष

### 375 लीटर शराब...

आबकारी वृत्त कसडोल में कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक जलेश सिंह, दिनेश कुमार साहू, मोतिन बंजारे, देवनंदन सिंह टंडन, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री गायकवाड़ ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे भी अवैध मदिरा परिवहन, धारण के विरूद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मरीजों के भटकते परिजनों को मिल रहा 'दाई कोरा' का सहारा

## कुल 16 बेड की क्षमता, रात बिताने सस्ते में मिल रहा सुरक्षित ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरवर्ती जिलों से इलाज के लिए डीके और आंबेडकर अस्पताल आने वाले लोगों को रात बिताने दाई कोरा का सुरक्षित सहारा मिल रहा है। कुल 16 बेड की क्षमता वाले इस अस्थायी ठिकाने में रहकर सैकड़ों लोग इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। दाईकोरा का संचालन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। दाई कोरा में शुरुआती दौर में कुल दस बेड रखे थे, मगर बेहतर रिस्पांस मिलने पर यहां बिस्तरों की क्षमता बढ़ाकर 16 कर दी गई है। यहां डीके के साथ आंबेडकर अस्पताल से आने वाले मरीज के परिजन सुकून और सुरक्षित तरीके से साथ रात बिता पा रहे हैं। नाममात्र शुल्क में लोगों को कुछ दस्तावेज उपलब्ध कराने पर यह सुविधा आसानी से मिल रही है। दाई कोरा में महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं और उन्हें सुविधा के लिए बिस्तर के साथ आवश्यक सामान रखने के लिए लॉकर की सुविधा चौबीस घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। दूर-दराज से इलाज के लिए दो बड़े सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें विभिन्न तरह की शारीरिक जांच की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए एक- दो दिन यहां रुकना पड़ता है। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने और अस्पतालों में रात बिताने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने की वजह से उन्हें काफी दिक्कतें होती हैं, ऐसे लोगों के लिए दाई कोरा सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है।

### अस्पताल भवन के ऊपर ठिकाना

डीके अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के दो अटेंडरों के लिए भवन के ऊपरी हिस्से में रहने की व्यवस्था की गई है। अटेंडरों की संख्या जब ज्यादा हो जाती है, तो सुरक्षागत कारणों से उन्हें रोक दिया जाता है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में अटेंडरों के लिए सुविधा नहीं है, उन्हें अस्पताल में वार्ड के बाहर बरामदे में अपना वक्त गुजारना पड़ता है।






### दान में मिली राशि से

राजधानी में रहने वाले एक परिवार द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी राशि उपलब्ध कराई गई थी। काफी विचार मंथन के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पिछले हिस्से में एक भवन का निर्माण कराकर वहां अस्थायी रूप से ठहरने वालों को मूलभूत सुविधा प्रदान की गई। निर्माण के बाद करीब तीन साल पहले दाई कोरा नाम देकर इसका लोकार्पण कराया गया था।

## पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं, अब और नया प्रयोग किसलिए

# सदरबाजार, मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव, विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सदर बाजार एवं मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव के विरोध में व्यापारी उतर आए हैं। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है। पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाए थे, लेकिन अपनी ही बनाई व्यवस्था को बनाए रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है, किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था, यह भी नहीं हो पाया है। व्यापारियों का कहना है, वास्तविकता ये है कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा, मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता, व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी, तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी, ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है, जहां वाहन पार्क किए जाते हैं। श्री मालू ने बताया, पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो कि व्यावसायिक क्षेत्र है, इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा, किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी के साथ रायपुर जिलाधीश व रायपुर पुलिस अधीक्षक को संबंधित पत्र की प्रति भेजकर उस प्रस्ताव को लागू नहीं करने की मांग की है।



### मालवीय रोड व्यापारी संघ का भी विरोध

*मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष तरल मोदी और महामंत्री राजेश वासवानी ने भी प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा, मालवीय रोड सड़क की चौड़ाई सामान्य तौर से भी ज्यादा है। यहां पर ट्रैफिक की व्यवस्था, ऑटो, फुटपाथ पर लगने वाली दुकानें आम, आइसक्रीम के ठेले और जो दुकानदार अपनी सीमा रेखा से बाहर सामान लगाते हैं, उनके कारण समस्या होती है। मालवीय रोड व्यापारी संघ नगर निगम और पुलिस प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुका है, इन दुकानदारों पर कार्रवाई करें जो अपना सामान फैलाकर रखते हैं। पिछले चार से पांच सालों में नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। मालवीय रोड में डिवाइडर बनने के बाद आने और जाने वालों के रास्ते अलग-अलग हैं और कार बैन से कोई फायदा नहीं होने वाला है, उल्टा यहां के व्यापारियों का रोजगार खत्म हो जाएगा।*

# स्वास्थ्य सहायता योजना, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर होगा प्रतिदिन भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उपचार की लंबित राशि का भुगतान अब फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर किया जाएगा। लगातार उठ रहे नाराजगी के स्वर के बीच भुगतान प्रकरणों पर निजी अस्पताल के प्रतिनिधियों से स्टेट नोडल एजेंसी के अफसरों ने चर्चा की। स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों द्वारा किए गए निशुल्क उपचार की लंबित राशि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इस बीच शुक्रवार को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ ऋतुराज रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों ने निजी अस्पताल से जुड़े प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि योजना की प्रक्रिया आसान हो सके इसका ध्यान रखा जा रहा है। मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग रिजेक्शन एवं अन्य तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अफसरों ने बताया कि लंबित राशि का भुगतान शीघ्र किए जाने की तैयारी है। इस दौरान क्लेम से संबंधित मामलों का निराकरण जिला और राज्य स्तर की शिकायत निवारण समिति द्वारा निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 50 हजार से 5 लाख तक इलाज

*गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छे एवं आधुनिक अस्पतालों में ईलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का संचालन किया जा रहा है। राशन कार्ड की श्रेणी के आधार पर हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के जरिए हर 50 हजार से 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है।*

### 2153 करोड़ का क्लेम

*वर्ष 2023-24 में 2 हजार एक सौ 53 करोड़ रुपए के 15.65 लाख क्लेम के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा उपचार लाभ प्राप्त किया जा चुका है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों को यूनिक पंजीयन क्रमांक युक्त एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जा रहा है। राज्य के 2.17 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा चुका है। इसमें शासकीय और निजी मिलाकर कुल 1 हजार 5 सौ 79 अस्पताल पंजीकृत हैं।*

### ब्लास्ट से घायल श्रमिकों का हालचाल जानने पहुंचे राजस्व मंत्री वर्मा



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को राजधानी के नारायणा अस्पताल पहुंचकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रवान स्थित अम्बुजा सीमेंट प्लांट के माइंस में सिलेंडर फटने से घायल श्रमिकों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज सुबह अंबुजा सीमेंट संयंत्र के माइंस वर्कशॉप में लाइमस्टोन डम्पर रियर सस्पेंसन में काम करते समय ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट से छह लोग झुलसे। इन सभी को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायल श्रमिकों राकेश कुमार वर्मा, घमंड ठाकुर शंकर गावडा, सतीश पोटपोड़े, शाहिद शेख और नरेश स्वैन से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए कहा।


### आरबीआई ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक को लगाया एक लाख का जुर्माना


**रायपुर।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, बिलासपुर पर नियमों का पालन न करने पर एक लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। आरबीआई के मुताबिक बैंक का वैधानिक निरीक्षण आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2022 को उसकी वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था। आरबीआई के निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के गैर-अनुपालन के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को सलाह देते हुए एक नोटिस जारी किया गया था। यह कारण बताने के लिए कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने अन्य बातों के साथ-साथ पाया कि विवेकपूर्ण अंतर-बैंक (सकल) एक्सपोजर सीमा का पालन न करने का आरोप कायम था, जिससे मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया था।

### महाराष्ट्र मंडल में निशुल्क कैंसर जांच शिविर आज

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल रविवार को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर लगाने जा रहा है। यहां कोई भी व्यक्ति अपने पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञ डॉ. नुपूर मिश्रा से परामर्श लेकर अपना इलाज सही समय पर शुरू करा सकते हैं।

# शोभायात्रा में विवाद, अखाड़े में बुलाकर एक गुट के लड़कों के साथ चाकू-डंडे से हमला









हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में शोभायात्रा के विवाद पर एक गुट ने दूसरे गुट के लड़कों को चुनौती देकर बैजनाथपारा अखाड़ा में बुलाकर जमकर मारपीट की। मारपीट में दो से तीन लड़कों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के मुताबिक नागेश्वर यादव की शिकायत पर साहिल, अशरफ, इमरान तथा गोलू को गिरफ्तार किया गया है। नागेश्वर ने पुलिस को बताया है कि राम मंदिर के पास उनकी चाय-नाश्ते की दुकान है। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उसका कुछ लड़कों के साथ विवाद हो गया। इसके बाद 25 अप्रैल को साहिल ने नागेश्वर के एक दोस्त को कॉल किया। साहिल ने नागेश्वर के दोस्त को धमकी भरे अंदाज में कहा कि तुम लोग बड़े तेज बनते हो, दम है तो बैजनाथपारा अखाड़ा में आकर दिखाओ। इसके बाद नागेश्वर अपने दोस्त संकेत टांडी, मनोहर सिंह तथा अजीत फूंडे के साथ अखाड़ा पहुंचा।



■ घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

### अखाड़े में चाकू के साथ जमकर डंडे चले

*नागेश्वर ने पुलिस को बताया कि अखाड़ा में बुलाने के बाद साहिल ने अपने अन्य साथियों के साथ उन लोगों के साथ विवाद किया। इसी दौरान साहिल तथा उसके दोस्तों ने उन लोगों को डंडे से पीटने के साथ चाकू से हमला किया। मारपीट की घटना में नागेश्वर तथा उसके साथियों को गंभीर चोटें आई हैं।*

## बारिश में घुटनों तक कीचड़ और गर्मी में धूल से रहते हैं परेशान

# थोक सब्जी मंडी के व्यापारियों ने प्रशासन से मांगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



श्यामतराई थोक सब्जी मंडी की वर्षों पुरानी बुनियादी समस्याओं का हल नहीं हो सका है। यहां व्यापार करने वाले व्यापारी और ग्राहक जैसे-तैसे समय निकाल रहे हैं। हर मामले पर उन्हें समझौता करना पड़ता है। इतवारी बाजार से स्थानांतरित हुए उन्हें 10 साल हो गए हैं फिर भी उन्हें सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं।

व्यापारी अशोक पटेल, रामू वाधवानी, रमेश चुंगानी, प्रीतम सोनकर, राजेश गंगवानी, कांशीराम सोनकर, विकासराव कृदत्त ने बताया कि 10 वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर भीमसिंह के अनुरोध पर सभी थोक सब्जी व्यापारी इतवारी बाजार से श्यामतराई कृषि उपज मंडी में शिफ्ट हुए थे। उस समय सभी तरह की सुविधाएं देने का आश्वासन मिला था लेकिन अभी तक नहीं मिली। वर्तमान में यहां 30 दुकानें संचालित हैं। 2014 में जब शिफ्ट हुए थे तब यहां तीन फीट गड्ढा था जिसे व्यापारियों द्वारा पाटा गया। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं होने के कारण चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। यहां लावारिश मवेशी विचरण करते हैं जो सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हैं। परिसर का कांक्रीटीकरण नहीं हुआ है जिसकी वजह से बारिश के दिनों में घुटनों तक कीचड़ रहता है। गर्मी के दिनों में धूल से वे परेशान रहते हैं। दुकानों का एग्रीमेंट अभी तक नहीं हुआ है जबकि शुल्क वे नियमित रूप से पटाते आ रहे हैं। व्यापारियों के साथ-साथ ग्राहकों को भी परेशानी होती है। परिसर में रोजाना 1000 वाहनों का आना-जाना रहता है। पार्किंग के अभाव में वाहन अस्त-व्यस्त खड़े रहते हैं। वाहनों की चोरी होने की शिकायतें बढ़ी हैं।



# नेशनल कुश्ती में छग के पहलवानों का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

वाराणसी में चल रहे सीनियर नेशनल कुश्ती फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ के पहलवानों ने पूरे भारत में अपना दबदबा बनाया और पदकों की झड़ी लगा दी। टीम के कोच लक्ष्मणलाल साहू पहलवान धमतरी जिला कुश्ती अध्यक्ष और खेलो इंडिया स्माल सेंटर के कोच विकास सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्रेको रोमन सत्येल 55 किलो में मनु यादव, 60 किलो में अभिषेक निषाद, 72 कोलो में अनीश सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं सत्येंद्र यादव ने रजत पदक जीता। 86 किग्रा फ्री स्टीइल में विजेंद्र पाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। लक्ष्मण लाल ने पहलवानों की हौसला अफजाई के लिए मनु यादव और अभिषेक निषाद को 5-5 केजी बादाम दिया।

## खबर संक्षेप

### जिले की सीमा से दंतैल दूर, किसानों को राहत

**महासमुंद।** महासमुंद-बलौदाबाजार जिले की सीमा में विचरण कर रहा दंतैल सीमा से दूर चला गया है। इससे सीमावर्ती गांव के किसानों ने राहत की सांस ली है। क्योंकि वर्तमान में रबी फसल तैयार हो रही है। वहीं वन विभाग की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। बता दें कि 4 दिन पहले जिले के सिरपुर क्षेत्र में एक हाथी के विचरण के चलते आसपास के करीब 10 गांवों में अलर्ट जारी किया गया था।

### रोटरी क्लब ने स्कूल को थाली भेंट की

**धमतरी।** 18 अप्रैल बुधवार को रोटरी क्लब धमतरी तथा इनर व्हील क्लब धमतरी के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कुकरेल में भोजन की थाली का वितरण किया गया। वितरण रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट अजय गोयल तथा इनरव्हील क्लब की प्रेसिडेंट श्रीमती पायल गोयल और सदस्य अमित जायसवाल, आशीष गोयल, माला महावर के हाथों किया गया।

### दरबा में मनी बाबा साहेब अंबेडकर जयंती

**जीजामगांव।** दरबा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से जयंती मनाई गई। भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे जिन्होंने शोषित और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर कन्हैया रात्रे, रामकिशन बंजारे, पुरषोत्तम साहू जनपद सदस्य, पिलेश भारती, मनोज चेलक, हरीश कोसले, तुषार लहरे, डिकेश भारती, भीमन टंडन, प्रवीण कोसले, प्रताप लहरे, मोहित आडिल, आनंद बंजारे, रोशन भारती, रोहित कोसले, प्रकाश कोसले, कीर्तन भारती, विजय कोसले, मयंक बंजारे, सुरुज भारती, शाम बाई, संतोषी बंजारे, प्राब्ति कोशले, जमना रात्रे, गौरी कोसरे, कलाबाई, भारती, संगीता लहरे, बिशाखा भारती, कीर्ति भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### एलकेजी के पोर्टल बन्द होने से पालकों में रोष

**मगरलोड।** 10 अप्रैल से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुका हैं। मगरलोड भैसमुंडी में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में एलकेजी का पोर्टल बन्द है, इससे पालक इन कक्षा के लिए आवेदन नही कर पा रहे हैं। 2022 में यहां आत्मानंद स्कूल संचालित है जहां एलकेजी क्लास में प्रवेश दी जाती थी इस वर्ष एलकेजी की पोर्टल बन्द होने से पालकों में असमंज है कि कहीं एलकेजी क्लास बन्द न हो जाये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूलों में एलकेजी क्लास बन्द कर दी है ।वही इसका कारण फंड की कमी बताई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 50 प्रतिशत रिक्त सीट में से प्रवेश और गरीबी रेखा के छात्र छात्राओं के लिए दर्ज संख्या के आधार पर 25 प्रतिशत लेना होता है। एलकेजी क्लास की पोर्टल बन्द होने से आवेदन करने वाले पालकों में रोष व्याप्त हैं। सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा।

# पहली बार गले के रास्ते दिल तक पहुंचकर लगाया तैरता हुआ पेसमेकर


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल से संबंधित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में महिला के गले के रास्ते दिल तक पहुंचकर चिकित्सकों ने तैरता हुआ पेसमेकर लगाया।

महिला जन्मजात एब्स्टीन एनामली नामक बीमारी से पीड़ित थी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूरी की गई इंटरवेंशन प्रोसीजर के बाद महिला को इस बीमारी से राहत मिल गई। तीस वर्षीय महिला इस बीमारी से पीड़ित होने के कारण पहले ही वॉल्व रिप्लेसमेंट की सर्जिकल प्रक्रिया से गुजर चुकी थी। इसके साथ ही उसे प्री एक्लेम्पसिया की समस्या थी और हार्ट पूरी तरह ब्लॉकेज हो चुका था। विभिन्न जटिलताओं के कारण मरीज को सामान्य पेसमेकर लगाना संभव नहीं था, इसलिए गर्दन की नस (जुगलर वेन) के रास्ते दिल में तैरने वाला पेसमेकर लगाकर जान बचाई गई। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में पैर की नस के रास्ते लीडलेस पेसमेकर लगाया जा चुका है, लेकिन गले की नस के रास्ते लीडलेस पेसमेकर लगाने का देश एवं राज्य का संभवतः यह पहला केस है। महिला का उपचार स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत निशुल्क हुआ। महिला मरीज उपचार के लिए जब एसीआई पहुंची, तो उसका हृदय पूरी तरह ब्लाक हो चुका था। विभिन्न जांच के बाद चिकित्सकों ने लीडलेस पेसमेकर लगाने की चुनौती स्वीकार की गई। इस केस में डॉ. स्मित श्रीवास्तव का साथ डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. शिव कुमार शर्मा, डॉ. प्रतीक गुप्ता, कैथलैब टेक्नीशियन आईपी वर्मा, नर्सिंग स्टॉफ नीलिमा शर्मा, गौरी, रौशनी, वंदना, डिगेन्द्र, खेम, पूनम, महेन्द्र ने दिया।

## एसीआई के कार्डियोलॉजी प्रमुख ने पूरा किया इंटरवेंशन प्रोसीजर

■ जन्मजात एब्स्टीन एनामली बीमारी से पीड़ित महिला को मिली राहत




### क्यों होती है बीमारी

एब्सटिन एनामली एक जन्मजात हृदय रोग है। भ्रूणावस्था के पहले 6 सप्ताह में बच्चे के दिल का विकास होता है। इसी विकास के चरण में बाधा आने पर बच्चे का हृदय असामान्य हो जाता है। इस बीमारी में मरीज के हृदय का ट्राइकस्पिड वाल्व ठीक से नहीं बन पाता और यह अपनी जगह न होकर दायें निलय की तरफ चला जाता है, जिसके कारण दायां निलय ठीक से विकसित नहीं हो पाता, जिसको एट्रियालाइजेशन का राइट वेंट्रीकल कहा जाता है।

खाने के बाद शरीर के ताप को नियंत्रित करता है बोरे-बासी

# गढ़कलेवा के मेनू से बोरे-बासी गायब, गर्मी चरम पर पहुंच रही, पर इसकी मांग आई ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध राजधानी रायपुर के गढ़कलेवा के मेन्यू से छत्तीसगढ़ का ठेठ देहाती पारंपरिक व्यंजन बोरे बासी गायब हो गया है, जिसके कारण लोगों को बोरे बासी का स्वाद भी चखने के लिए नहीं मिल पा रहा है। पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई 2023 को मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी को तिहार के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया गया था। इस तिहार को राज्य में अलग-अलग अंदाज में मनाया गया था, जिसमें मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर मुख्य सचिव, कलेक्टर-एसपी सहित सारे विभागों के अफसरों से लेकर कर्मचारियों ने इस दिन बोरे-बासी खाया था। खाना खाने के साथ इनका फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल किया गया था, जिसके कारण इस छत्तीसगढ़ी व्यंजन को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिली थी। सरकार बदलने के बाद बोरे-बासी की पूछ-परख बंद हो गई है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के मेन्यू से ही यह गायब हो गया है।

अलग खबर

### बोरे-बासी खाने के फायदे

छत्तीसगढ़िया व्यंजन बोरे-बासी खाने से कई फायदे होते हैं। इसे खाने से खूब प्यास लगती है और ज्यादा पानी पीने से डि-हाइड्रेशन जैसी समस्या नहीं होती। बताया जाता है कि इसे खाने के बाद यह शरीर के ताप को नियंत्रित करता है। जिसकी वजह से पड़ने वाली गर्मी और लू का प्रभाव नहीं पड़ता। इसे खाने से नींद भी अच्छी आती है।

## मजदूरों के सम्मान में अब नहीं मन रहा बोरे-बासी तिहार




### गढ़कलेवा की सूरत भी बिगड़ी

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट चौक के पास संस्कृति विभाग परिसर में स्थित गढ़कलेवा नाम से एक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का रेस्टोरेंट बनाया गया है, जिसमें सिर्फ छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही लोगों को परोसे जाते हैं। गढ़कलेवा में लोगों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी से लेकर कॉटेज सभी बस्तर के पारंपारिक कलाकृति स्टाइल में बनाया गया है, ताकि यहां पहुंचने वाले लोग छत्तीसगढ़ की संस्कृति व कलाकृति से परिचित होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुत्फ उठा सकें, लेकिन पिछले सालभरसे गढ़कलेवा का रखरखाव नहीं होने से इसकी सूरत बिगड़ने लगी है। यहां बस्तर की कलाकृतियों से बने कॉटेज व अन्य कलाकृतियां जंग खाने के साथ टूट-फूट गई हैं। यही नहीं, लकड़ी व बांस से बनाए गए टेबल-कुर्सी सहित अन्य कलाकृतियां भी बेरंग हो चुकी हैं।

### कलेक्टोरेट परिसर में संचालित गढ़कलेवा से भी बोरे बासी गायब

कलेक्टोरेट स्थित जिला पंचायत बिल्डिंग परिसर में संचालित गढ़कलेवा के व्यंजनों के मेन्यू से बोरे-बासी का नाम हटा दिया गया है। इसके कारण यहां भी बोरे-बासी अब मिलना बंद हो गया है। इस गढ़कलेवा की संचालक विनीता पाठक ने बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में 1 मई को बोरे-बासी लोगों को परोसा गया था। इसके बाद कुछ दिनों तक बोरे-बासी की मांग रही, लेकिन बाद में इसकी मांग कम हो गई, जिसके कारण बोरे-बासी रखना बंद कर दिया है। इस गर्मी के सीजन में भी मांग अभी नहीं है। 1 मई को श्रमिक दिवस पर बोरे-बासी व्यंजन बनाया जाएगा। राज्य में बोरे-बासी तिहार मनाये जाने के बाद गढ़कलेवा के साथ कई छोटे-बड़े होटल व रेस्टोरेंट में भी बोरे-बासी मिलने लगा था, लेकिन अब उन होटल-रेस्टोरेंट के मेन्यू से भी यह गायब हो चुका है।

# मई के दूसरे सप्ताह में दसवीं-बारहवीं के नतीजे




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परिणाम मई के दूसरे सप्ताह में जारी किए जाएंगे। राजधानी रायपुर में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले जाएंगे। माशिम इसके बाद परिणामों की घोषणा करेगा। निश्चित तिथि की घोषणा कुछ दिनों में कर दी जाएगी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, दूसरे सप्ताह के प्रारंभ में ही माशिम परिणाम घोषित करेगा। बीते वर्षों की तरह इस बार भी दसवीं-बारहवीं के परिणाम एक साथ ही जारी किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अब परिणाम तैयार किए जा रहे हैं। यह कार्य भी लगभग अंतिम चरण में ही है। गौरतलब है कि इस बार दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 43 हजार तथा बारहवीं की परीक्षा में 2 लाख 55 हजार छात्र शामिल हुए थे। इसके अलावा दसवीं में प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में 6 हजार तथा बारहवीं में 8 हजार छात्र शामिल हुए थे। मूल्यांकन के लिए प्रदेश में 36 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से दो केंद्र राजधानी में थे। रायपुर के दानी स्कूल तथा जेएन पांडेय विद्यालय में उत्तरपुस्तिकाएं जांची गई हैं।

### दो बार परीक्षा इस सत्र में नहीं

दसवीं-बारहवीं की परीक्षा साल में दो बार आयोजित कराने संबंधित निर्णय कुछ दिनों पूर्व शासन द्वारा लिया गया था, लेकिन इसके मौजूदा सत्र से लागू होने की संभावना नहीं है। माशिम 2025 से ही छात्रों को यह सुविधा प्रदान करेगा। मंडल की बैठक में इससे संबंधित निर्णय लिए गए हैं। प्रस्ताव बनाकर उच्च स्तर पर भेज दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत मार्च में होने वाली दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में फेल अथवा अपने अंकों से असंतुष्ट छात्रों को दोबारा मौका दिए जाने का प्रावधान था। ऐसे छात्रों के लिए जुलाई में पुनः परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### दूसरे सप्ताह में

मूल्यांकन संबंधित कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। हम मई के दूसरे सप्ताह में 10वीं-12वीं के परिणाम घोषित कर देंगे। निश्चित तिथि फिलहाल नहीं बता सकते।

- **पुष्पा साहू**, सचिव, माशिम

# रविवि में शुरू होगा सिंधी में एमए, देश में जहां ये पाठ्यक्रम संचालित, वहां से लिए जाएंगे टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि सिंधी भाषा में एमए की पढ़ाई प्रारंभ करने वाला है। जुलाई से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र से इसकी शुरुआत हो सकती है। इसके लिए रविवि ने तैयारी आरंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवीन पाठ्यक्रम के संचालन के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। उच्च शिक्षा विभाग से मंजूरी मिलते ही इसमें प्रवेश सहित अन्य प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी। फिलहाल रविवि में सिंधी भाषा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। गुरुवार को इसके परिणाम जारी किए गए, जिसमें सभी छात्रों ने सफलता हासिल की है।

देशभर में ऐसे शैक्षणिक संस्थानों की संख्या मात्र 4 है, जहां सिंधी भाषा में एमए की उपाधि दी जा रही है। जिन संस्थानों में यह पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है, वहां से जानकारी जुटाई जा रही है। सिलेबस, रेफरेंस बुक सहित अन्य तरह की जानकारी एमए सिंधी के लिए एकत्र की जा रही है। रविवि यूटीडी में भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत ही इसका संचालन होगा। संबद्ध महाविद्यालयों के स्थान पर सिर्फ विवि अध्ययनशाला में ही इसकी पढ़ाई होगी।

## फिलहाल सिंधी भाषा में डिप्लोमा प्रदान करता है रविवि



### एमकॉम भी नए सत्र से

नए सत्र से रविवि द्वारा एमकॉम की भी शुरुआत की जा रही है। यह पहला मौका होगा, जब यूटीडी में वाणिज्य संकाय की एंट्री होगी। अब तक यहां कॉमर्स संबंधित किसी भी पाठ्यक्रम का अध्ययन-अध्यापन नहीं होता रहा है। शुरुआत में इसे प्रबंधन संकाय के अंतर्गत ही रखा जाएगा। इसमें भी शुरुआती बैच में सीट संख्या 20 से 30 के मध्य रहने की संभावना है।

### रविवि पहला संस्थान

छत्तीसगढ़ में एमए सिंधी की पढ़ाई शुरू करने वाला रविवि पहला संस्थान होगा। रविवि के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य किसी विश्वविद्यालय में फिलहाल इसका संचालन नहीं हो रहा है। इसमें दाखिले प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जाने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार शुरुआती बैच में सीट संख्या 20 के लगभग रह सकती है। इसके लिए विस्तृत अधिसूचना उच्च स्तर पर अनुमति मिलने के बाद ही जारी होगी। डिप्लोमा इन सिंधी को छात्रों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। ऐसे में प्रबंधन को उम्मीद है कि डिग्री पाठ्यक्रम को भी अच्छा प्रतिसाद मिलेगा।

# देर रात तक पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, ईवीएम स्ट्रांग रूम में हुए सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में मतदान को संपन्न कराने के बाद देर रात पोलिंग पार्टियां लौटी। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी पिटियाझर में ईवीएम को सुरक्षित रखा गया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहे। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान दल देर रात तक पहुंचते रहें। सुबह राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में 17 प्रत्याशियों के भाग्य को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। अब 37 के लंबे इंतजार के बाद 4 जून मतगणना दिवस के दिन सुबह विधिवत खोला जाएगा। इधर, विधानसभा की अपेक्षा कम मतदान होने को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है।

■ 4 जून को खुलेगा पिटारा, मतदान को अपने पक्ष में होने का दावा

संसदीय क्षेत्र महासमुंद के अंतर्गत आने वाले जिले के चार विधानसभा क्षेत्र सरायपाली, बसना, खल्लारी और महासमुंद विधानसभा चुनाव में बनाए गए 1080 केंद्रों में शुक्रवार की शाम तक वोटिंग चली। इसके बाद विभिन्न रूट चार्ट के लगाए गए बसों के माध्यम से देर रात तक पोलिंग पार्टियां देर रात तक जिला मुख्यालय पहुंचती रही। चारों विधानसभा क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों की देखरेख में मतदान केंद्रों में पैरामिलिट्री फोर्स की भी तैनाती की गई थी।

स्थानीय पुलिस के जवानों की भी अधिक से अधिक ड्यूटी लगाए जाने के कारण मतदान शांतिपूर्ण रहा। सांसद चुनने के लिए संसदीय क्षेत्र के 75.02 फीसदी वोटर्स ने मतदान किया, जो पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में 0.42 प्रतिशत ज्यादा है। 2019 में 74.62 फीसदी मतदान हुआ था।

वहीं, हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में 81.52 प्रतिशत मतदान हुआ था। बहरहाल 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 1080 ईवीएम में लॉक हो चुका है, जिसके लॉक को 4 जून को खोला जाएगा।




### 13 लाख 22 हजार 125 ने किया मतदान

लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 8 विधानसभाओं में मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 62 हजार 477 है। जिसमें 08 लाख 66 हजार 670 पुरुष मतदाता, 08 लाख 95 हजार 773 महिला मतदाता और 34 थर्ड जेंडर मतदाता है। इसमें 6 लाख 57 हजार 192 पुरूष, 6 लाख 65 हजार 178 महिला एवं 12 थर्ड जेंडर सहित 13 लाख 22 हजार 125 ने मतदान किया। पुरूषों का प्रतिशत 75.82 एवं महिलाओं का योगदान 74.24 फीसदी रहा। जबकि, 35.29 प्रतिशत अन्य रहें।

### मतदान दलों की सकुशल वापसी पर गुलदस्ता देकर किया स्वागत

**महासमुंद।** मतदान दलों की सकुशल वापसी पर जिला प्रशासन द्वारा दलों का गुलाब भेंटकर स्वागत किया गया। शुक्रवार देर शाम ग्राम नायक बांधा, उमरदा और सिंघी का मतदान दल सबसे पहले तथा साथ ही संगवारी दल मोंगरा की टीम के पहुंचने पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, महासमुंद के एआरओ उमेश साहू, खल्लारी के सहायक एआरओ सृष्टि चंद्राकर एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने भी गुलदस्ता और गुलाब फूल देकर स्वागत किया। तत्पश्चात अन्य मतदान दलों की वापसी का सिलसिला प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चला।

# 1284 स्काउट-गाइड ने पोलिंग बूथों में दी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 द्वितीय चरण के मतदान में महासमुंद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत जिला आयुक्त स्काउट निदेशन में महासमुंद जिला में मतदान दिवस को पांच विकासखंड के मतदान केंद्रों पर 1284 स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर, स्काउटर एवं गाइडर ने वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता को मतदान केंद्र में सहयोग करने प्रातः 7 बजे उपस्थित होकर मतदाताओं को तिलक लगाकर स्वागत, दिव्यांग मतदाता को व्हील चेयर वरिष्ठ मतदाता को सहारा देकर मतदान करने में अपनी सेवाएं दी।



सेवाभावी स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, स्काउटर गाइडर प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं सभी को जिला संघ की ओर से धन्यवाद ज्ञापन दिए हैं। जिसमें अमी रूफ़स जिला आयुक्त गाइड, संतोष कुमार साहू डीटीसी स्काउट, लिलीमा साहू डीटीसी गाइड, रामकुमार साहू जिला सचिव, कमल लूनिया डीओसी स्काउट, लीनु चंद्राकर डीटीसी गाइड, तुलेंद्र सागर जिला सहसचिव, प्रमोद कन्नौजे मीडिया प्रभारी, चंद्रकांता ठाकुर संयुक्त सचिव, शुशील शर्मा कोषाध्यक्ष, स्थानीय संघ सचिव गण लता वैष्णव महासमुंद, राम कुमार नायक पिथौरा, विवेकानंद दास बसना, यशवंत चौधरी सराईपाली, शेषनारायण साहू बागबाहरा एवं सीनियर स्काउटर गाइडर व्यास नारायण बंजारे, गिरीश पाढ़ी, सुरेंद्र मानिकपुरी, शैलेंद्र नायक, मधु शर्मा, नितिन श्रीवास्तव, हीरेंद्र साहू, योगेश्वर डड़सेना सभी ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्त जानकारी राम कुमार साहू जिला सचिव एवं तुलेंद्र सागर जिला सह सचिव ने संयुक्त रूप से दी है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## चुनाव : जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक में दी जानकारी

# बीएलओ के माध्यम से होगा मतदाता पर्ची का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक ली। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, एएसपी कमलेश्वर चंदेल सहित जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची की वितरण किया जा रहा है। साथ ही वोटिंग पर्ची के दौरान कितने मतदाता अनुपस्थित है, इसका भी सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे करने से निर्वाचन कार्य में फर्जी मतदाताओं का पहचान की जा सकती है और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

विगत दिनों बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 15 हजार पलायन किए गए बिलाईगढ़ विधानसभा के मतदाताओं को वीडियो कॉल के माध्यम से आमंत्रण दिया गया कि वह 7 मई को अपने गांव या शहर में आकर राष्ट्र निर्माण में अपना मतदान के अधिकार का उपयोग करें।

धर्मेश साहू ने जानकारी दी कि लोकसभा उम्मीदवार के बैंक खाता का हिसाब, एक उनके शैडो रजिस्टर और व्यय प्रेक्षक कार्यालय के रजिस्टर से मिलान कर लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए खर्च का हिसाब किया जाएगा। एमसीएमसी द्वारा पैड न्यूज के मामले में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से नोटिस उम्मीदवार को जाएगा। नोटिस में कैंडिडेट का जवाब संतोषजनक नहीं होने पर यह खर्च उनके व्यय खाता में जोड़ दिया जाएगा। वर्तमान लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार को 95 लाख रुपए खर्च करने की पात्रता है।

कलेक्टर धर्मेश साहू ने बताया कि मतदान के दिन सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। मतदान की शुरुआत होने के डेढ़ घंटे पहले वोटिंग मशीन का मॉक टेस्ट ट्रायल, क्षद्म मतदान किया जाएगा। इस दौरान कम से कम 50 पर्ची मतदान का टेस्ट किया जाएगा। मॉकपोल के लिए राजनीतिक पार्टी एवं उनके प्रतिनिधियों का 15 मिनट का इंतजार किया जाएगा। यदि कोई प्रतिनिधि नहीं आते हैं तो नियम अनुसार किया जाएगा। रायगढ़ लोकसभा में एक बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा। जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट अंतर्गत बिलाईगढ़ क्षेत्र में उम्मीदवारों की संख्या 18 है। इसलिए एक यूनिट से 18 की संख्या कर संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए दो बैलेट यूनिट का उपयोग किया जाएगा।



### कलेक्टर ने ईवीएम के बारे में समझाया

कलेक्टर ने कहा कि सभी वोटिंग मशीनों को कलेक्टर के खाता के अधीन वेयर हाउस में रखा जाता है। वहां से विधानसभावार स्ट्रांग रूम में भंडार किया जाता है। जिले में ईवीएम मशीन की कमी की पूर्ति गौरेला पेंड्रा जिले से की गई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का सबसे पहले जांच एफएलसी की जाती है। क्रियाशील को चयन करके अलग रखा जाता है। इसके बाद कमिश्निंग अंतर्गत जितने उम्मीदवार है, उनके चुनाव चिन्ह को मशीन में दर्ज किया जाता है। सारंगढ़ विधानसभा अंतर्गत 26, 27 और 28 अप्रैल को किया जा रहा है और बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत 29 और 30 अप्रैल को और 1 मई को किया जाएगा। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बलौदाबाजार जिले के कसडोल क्षेत्र में आने वाले मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम मशीनों को बलौदाबाजार को दिया जाएगा और वोट के बाद उसको वहां से यहां के स्ट्रांग रूम में लाया जाएगा।

### राजनीतिक विज्ञापनों का होगा पूर्व प्रमाणीकरण

बैठक में नोडल अधिकारी एमसीएमसी देवराम यादव ने जानकारी दी कि लोकसभा निर्वाचन–2024 अंतर्गत मतदान दिवस 7 मई और उसके एक दिन पूर्व 6 मई को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है। अभ्यर्थियों को विज्ञापन का सर्टिफिकेट 6 मई से पहले संबंधित जांजगीर चांपा अथवा रायगढ़ जिला मुख्यालय पर गठित जिला स्तर की मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से लेना होगा। इसी प्रकार राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को प्रचार प्रसार के लिए उपयोग किए जाने वाले विज्ञापन को टीवी चौनल, केबल टीवी चौनल, टाकीज, रेडियो ई–समाचार पत्र, बल्क एसएमएम,वॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य–श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी से अनुमति लेना आवश्यक है।

# आकाश यादव ने शुरू किया अनिवार्य सेवा से डाकमत मतदान



**भटगांव।** कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ में स्थित डाकमत सुविधा केंद्र में अनिवार्य सेवा अंतर्गत फोटोग्राफर आकाश यादव ने डाकमत से वोट की शुरुआत की। अनिवार्य सेवा के कर्मियों के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ में डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा 6 मई तक है।

जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ी में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में 28 अप्रैल को शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाकमत पत्र से वोट देने का सुविधा है। पुलिस (गृह) विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय सारंगढ़ में 29 और 30 अप्रैल को यह सुविधा है। सभी स्थानों में यह सुविधा सुबह 9 से शाम 5 बजे तक है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार निर्वाचन कर्तव्य पर अधिकारी, कर्मचारी, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं तथा अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र के माध्यम से सुविधा केंद्र में मतदान करने का प्रावधान है।

## खबर संक्षेप



### चलती कार में लगी आग, हुई खाक

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक चलती कार में आग लगने से हड़कंप मच गया। चलती कार में आग लगने से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस के मुताबिक रिट्ज कार सीजी 04 एचजे 7558, जिसका मालिक दौलत साहू है। उक्त कार में दौलत साहू के भतीजे तथा अन्य गृहप्रवेश के कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे, इसी दौरान लाखेनगर जाने वाले मार्ग पर कार के बोनट से धुआं उठने लगा। धुआं उठते देख कार सवार लोगों ने बोनट खोला तो आग भड़क गई और देखते ही देखते कार पूरी तरह से जल गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से पहले कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

### युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने एक युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ अपने बेटे पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिचर्ड बंजारे ने युगल तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रिचर्ड ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात उसका बेटा अनीश बचाओ-बचाओ कहते हुए दौड़ते हुए उसके पास पहुंचा और अपने पिता को बताया कि युगल तथा उसके साथी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए अनीश की छाती तथा जांघ में चाकू से गंभीर रूप से वार कर घायल कर दिया है।

### आवास के नाम पर लाखों के जेवर पार

**महासमुंद।** जिले में एक बार फिर से ठगी गिरोह सक्रिय हो गया है। शनिवार को एक ही दिन में पीएम आवास के नाम पर दो महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। जिसके बाद पटेवा पुलिस ने संपर्क नंबर जारी किया है। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा किसी प्रकार प्रलोभन दिए जाने पर फोन नंबर पर कॉल करने की अपील की है। पहला मामला पटेवा थानांतर्गत ग्राम जोगीडीपा का है। जहां पर लीला बाई कुर्रे पति नवधरम कुर्रे 55 साल के पास दो अज्ञात बाइक सवार पहुंचे और बताया कि उसके नाम पर आवास की स्वीकृति मिली है, जिसके लिए फोटो खींचकर भेजना है। फोटो खींचने से पहले एक व्यक्ति ने महिला द्वारा पहने सोने-चांदी के जेवर को उतार लेने को कहा और दूसरे व्यक्ति ने बातों में उलझाकर जेवर को लेकर फरार हो गए।

# भाजपा प्रत्याशी कमलेश ने भटगांव मंडल में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े का बिलाईगढ़ विधानसभा के भटगांव मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत धाराशिव, डोकरीडीह, सलौनीकला, जुनवानी, गिरसा, दुरूग, खम्हरिया में जनसंपर्क किया गया। वहीं भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के आगमन पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका जगह-जगह फूल मालाओं व फटाका फोड़ स्वागत किया। संबोधन में भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भारत आत्मनिर्भर और विश्व गुरु बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत विकास कार्य हो रहे हैं। उनके द्वारा महिलाओं के लिए महतारी वंदन की गारंटी दी गई थी और छत्तीसगढ़ मे विष्णुदेव साय की सरकार आते ही महतारी वंदन का पैसा महिलाओं बहनों के खाते में आ गया है। उनकी दूसरी किस्त भी महिलाओं के खातों में आ गई है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव साय की सरकार बनते ही 18 लाख आवास निर्माण की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार द्वारा रोक दी गई थी, जिसे हमारी भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार ने पुनः चालू करवाया गया। आज आवास का लाभ हर गरीब परिवार को मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने सभी गरीब परिवार के लिए खाद्यान्न योजना का लाभ दिया है और सभी गरीब परिवार को 5 साल तक मुफ्त राशन योजना की गारंटी दी थी उसको पूरा किया है और आज प्रत्येक गरीब परिवार को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। घर-घर पानी पहुंचाने हेतू नल जल योजना केंद्र सरकार की सभी योजनाओं के बारे में घर-घर जाकर एवं गांव में सभाएं कर सभी को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं 70 साल के ऊपर के सभी बुजुर्गों के लिए 5 लाख तक इलाज की सुविधा आयुष्मान योजना की जानकारी जन जन तक पहुंचा रही है। उन्होंने अपने उद्बोधन मे यह भी कहा कि मोर नाम कमलेश जांगड़े हे अव कमलेश के कमल म बटन दबाना हे। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समस्त ग्राम पंचायत धाराशिव, डोकरीडीह, सलौनीकला, जुनवानी, गिरसा, दुरूग, खम्हरिया के महिलाऐं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# कांग्रेस ने गांव-गांव में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया की पत्नी शकून डहरिया का जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम शनिवार को लवन क्षेत्र के ग्रामों में संपन्न हुआ लवन क्षेत्र के ग्राम बिटकुली, खटियापाटी, सुढेला, मिशराइनडीह अमलकुंडा, तारा शिव, कशीयारा, परसाडीह, पंडरिया एवं पैजनी ग्रामों में सघन जनसंपर्क दौरान शकुंन डहरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं होगी।

डॉ. डहरिया जब इस क्षेत्र के विधायक रहे तब भी विकास के लिए आगे आए और अब आप लोगों के आशीर्वाद से सांसद बन जाने के बाद क्षेत्र का विकास होगा। उक्त बातें विभिन्न ग्रामों के नुक्कड़ सभा में व्यक्त करते हुए शकून डहरिया ने कहा। उन्होंने कहा- कांग्रेस सरकार बनने पर न्याय की गारंटी कार्ड आप लोग के सामने दिया जा रहा है, जिसमें नारी न्याय महालक्ष्मी गरीब परिवार में एक महिला को सालाना 1 लाख प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा किसान न्याय, जिसमें किसानों के हित के लिए अनेक योजनाएं हैं।

युवा न्याय में युवा वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के लाभकारी योजनाएं हैं हिस्सेदारी। जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए शकुन डहरिया ने कहा कि लोकसभा में डॉ. शिवकुमार डहरिया को भारी मतों से जिताए और कांग्रेस सरकार बनाने में सहयोग करें।

सघन जनसंपर्क दौरा में श्रीमती डहरिया के साथ प्रदेश कांग्रेस के सचिव जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, जनपद सदस्य ललिता यादव, कांग्रेस नेत्री अनीता भतपहरी, इसके अलावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरदयाल यादव, सतीश पांडे, देवीलाल बर्वे, तुलसी मन्हारे, हिंसाराम पैकरा, ओमप्रकाश प्रभुवा, धर्मेंद्र खुटे, मोहरचद, त्रिभुवन वर्मा, देव पटेल, मोगरा घृतलहरी, मानसिक कुर्रे, तेजू, हरिशंकर सेन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने डाकमत सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश साहू ने सारंगढ़ के कलेक्टर कार्यालय और स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय में चल रहे डाकमत सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, डाकमत के प्रभारी अधिकारी आशीष बनर्जी, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, प्राचार्य सुदीप्त प्रधान, मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## गर्मी में मनोहारी दृश्य बना आकर्षण का केंद्र...



**भरूवाडीह-सैहा-गुमा।** ग्रामीण अंचल में संध्याकालीन बेला पर मनोहारी दृश्य देखते ही बनता है। यहां सूर्यास्त के समय अनुपम प्राकृतिक वादियों का मनमोहक वास्तविक छायाचित्र और पानी की परछाईं एक सी दिखाई दे रही है। जैसा की दर्पण झूठ न बोले। इस फोटो को अपने कैमरे में गुलशन महेश वर्मा ने कैद किया।

# भयमुक्त होकर मतदान करें मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

लोकसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र क्रमांक 3 अनुसूचित जाति हेतु सुरक्षित है। आगामी लोकसभा चुनाव 7 मई, समय सुबह 8 से 5 बजे तक समय निधारित है। लोकसभा जांजगीर-चांपा से कमलेश जागते भाजपा, डॉ. रोहित डहरिया बसपा, शिव कुमार डहरिया कांग्रेस, इसी प्रकार 18 प्रत्याशियों ने चुनाव मैदान में अपने-अपने भाग्य अजमा रहे हैं। अब देखना होगा किसके किस्मत में राज योग लिखा है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज परिक्षेत्र भटगांव के मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता दरस राम टण्डन ने सभी मतदाताओं को निडर होकर, सोच समझकर, योग्य प्रत्याशी को अपना अमुल्य वोट देने की अपील मतदाताओं से की है।




# कम होगी बढ़ती गर्मी, उत्तर-मध्य हिस्से में बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चालीस डिग्री के पार हो चुकी गर्मी एक बार फिर बादल बारिश की वजह से कम होने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तैयार सिस्टम की वजह से अगले 48 घंटे में उत्तर तथा मध्य इलाके में बारिश के आसार बन रहे हैं। रायपुर का पारा शुक्रवार को 41.6 डिग्री दर्ज किया गया और तेज धूप की वजह से लोगों ने परेशानी का अनुभव किया। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अप्रैल में रायपुर का सर्वाधिक तापमान 42.8 तक पहुंचा है। वहीं 41 डिग्री से अधिक का तापमान पांच दिन दर्ज किया गया है। बीते शेष दिनों में कभी बादल-बारिश तो कभी मामूली गर्मी रही है। पिछले दो दिन से प्रदेश में गर्मी फिर अपना असर दिखा रही है और शुक्रवार को राज्य का अधिकतम तापमान दुर्ग का 42.0 तथा रायपुर का 41.6 डिग्री दर्ज किया गया। शहर के लोग दोपहर तेज धूप से परेशान होते रहे, मगर अगले 48 घंटे में इससे थोड़ी राहत रहने की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक विक्षोभ का प्रभाव और बंगाल की खाड़ी से आने वाले नमी की वजह से रायपुर समेत मध्य और उत्तरी हिस्से में हल्की वर्षा अथवा छीटें पड़ सकते हैं, इससे तापमान में थोड़ी गिरावट होगी।



### तेज गर्मी से होगी मई की शुरुआत

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों तक तापमान नरम रहेगा, मगर अंतिम दिनों में फिर गर्मी के तेवर रहेंगे। अनुमान है कि मई की शुरुआत तेज गर्मी के साथ होगी और पहले सप्ताह में इसका प्रभाव अधिक रहेगा।

# फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण 29 से

**मुड़पार-सरसीवां।** रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के निवासियों के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी 30 दिवसीय प्रशिक्षण रायगढ़ में सोमवार 29 अप्रैल से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। वाट्सअप नंबर में इच्छुक प्रशिक्षण के लिए पंजीयन करा सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण के लिये 35–35 सीट निर्धारित हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 से 45 वर्ष एवं कम से कम 8 वीं और 12वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साइज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में भी पंजीयन करा सकते हैं।